Ref, Item No... 01 ...of the Agenda

1

# लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

समय व दिन : अपरान्ह् 05:00 बजे–बृहस्पतिवार
स्थान : समिति कक्ष, प्रशासनिक भवन (कुलसचिव कार्यालय )

दिनांक : 08.05.2014 अपरान्ह् 05:00 बजे–बृहस्पतिवार को समिति कक्ष, प्रशासनिक भवन (कुलसचिव कार्यालय) में सम्पन्न हुई कार्य परिषद् की बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थेः–

1. प्रो0 एस0बी0 निमसे – अध्यक्ष
2. प्रो0 ए0के0 सेनगुप्ता – सदस्य
3. प्रो0 निरूपमा अग्रवाल – सदस्य
4. प्रो0 निधि बाला – सदस्य
5. डॉ0 अशोक कुमार सोनकर – सदस्य
6. डॉ0 महेन्द्र कुमार – सदस्य
7. डॉ0 अनिल कुमार – सदस्य
8. डॉ0 सारनाथ सिंह – सदस्य
9. प्रो0 यू0सी0 वशिष्ठ – सदस्य (अनु0)
10. प्रो0 डी0पी0 तिवारी – सदस्य
11. डा0 गीता अस्थाना – सदस्य
12. डॉ0 देश दीपक – सदस्य
13. डॉ0 बबिता जयसवाल – सदस्य
14. डॉ0 शशि लता सिंह – सदस्य
15. डॉ0 एस0पी0 सिंह – सदस्य
16. श्री अनिल कुमार सिंह – सदस्य
17. डॉ0 सूर्य कान्त – सदस्य
18. श्री सुरेश चन्द्र तिवारी – सदस्य (अनु0)
19. श्री देवी प्रसाद चौधरी – सदस्य
20. माननीय न्यायाधीश, श्री डी0पी0 सिंह – सदस्य (अनु0)
21. सुश्री परवीन तल्हा, आई0आर0एस0(सेवानिवृत्त) – सदस्य
22. श्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी, आई0ए0एस0(सेवानिवृत्त) – सदस्य
23. प्रो0 गुरदीप सिंह – सदस्य (अनु0)
24. कै0 अमिताभ प्रकाश, पी0सी0एस0 – सचिव
25. प्रो0 ए0 चटर्जी – वित्त अधिकारी



Scanned by CamScanner

कार्य परिषद की बैठक आरम्भ करते हुये सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये कार्यालय को निर्देश दिये कि आगामी कार्य परिषद की बैठक के पूर्व समस्त माननीय सदस्यों को विश्वविद्यालय एक्ट/ऑर्डिनेन्स/परिनियम की एक–एक प्रति उपलब्ध करायी जाय, आगामी कार्य परिषद की बैठक की कार्यसूची एवं बैठक की सूचना एक साथ भेजी जाय तथा विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों के लिये औचक निरीक्षण करने हेतु एक समिति का गठन अध्यक्ष(माननीय कुलपति महोदय) द्वारा किया जायेगा, जिसमें कार्य परिषद का एक सदस्य कुलपति द्वारा नामित किया जायेगा।

मद संख्या 01: कार्य परिषद की बैठक दिनाँक 10.04.2014 एवं 25.04.2014 की कार्यवृत्त की सम्पुष्टि निम्नवत् संशोधन के साथ की गयी परिषद द्वारा की गयी:–

1. कार्य परिषद दिनाँक 10.04.2014 की कार्यसूची के अन्य मद में सहयुक्त महाविद्यालयों से सम्बन्धित गठित समिति में लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद का एक सदस्य सम्मिलित किया जाना।
2. कार्य परिषद दिनाँक 25.04.2014 की बैठक के कार्यवृत्त में बैठक शब्द के पूर्व 'आकस्मिक' शब्द को जोड़ा जाय।

***–मद संख्या 02(क) एवं 02(ख) तथा 02(ग) के सम्बन्ध में समस्त प्रपत्रों के सत्यापन हेतु परिषद द्वारा माननीय कुलपति महोदय की सन्तुष्टि के अधीन अनुमोदन प्रदान किये गये।**

मद संख्या 02(क): कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आजाद डिग्री कॉलेज में पूर्व से संचालित बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम को सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर (*) के अधीन अनुमोदन प्रदान किया गया।

इसके साथ परिषद द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि सहयुक्तता से सम्बन्धित फॉर्मेट में परिवर्तन माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से किया जायेगा।

मद संख्या 02(ख): कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत अर्जुन गंज विद्या मन्दिर डिग्री कॉलेज में बी0ए0 पाठ्यक्रम को सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता पर (*) के अधीन अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 02(ग): कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत रजत वूमेन्स कॉलेज ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट में बी0जे0एम0सी0 एवं बी0बी0ए0 पाठ्यक्रमों में 60 सीटों के लिये सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता हेतु (*) के अधीन अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 02(घ): कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आशा स्मृति महाविद्यालय में बी0एड0 पाठ्यक्रम की स्थायी सहयुक्तता हेतु प्राप्त निरीक्षण आख्या में पायी गयी कमियों के कारण पूर्व प्रदत्त अस्थायी सहयुक्तता हेतु एक वर्ष, सत्र 2014–15 हेतु विस्तारित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 02(ङ): कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आई0टी0एम0 कॉलेज ऑफ एजूकेशन, बक्शी का तालाब में बी0बी0ए0(आई0बी0) एवं बी0कॉम(ऑनर्स) पाठ्यक्रमों को सत्र 2014–15 से (तीन वर्षों के लिये) अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद संख्या 02(च): कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेन्द्रनगर में बी0एस0सी0 (भौतिक) पाठ्यक्रम को सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।



Scanned by CamScanner

**मद संख्या 02(छ):** कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत ए0के0जी0 कॉलेज, बीकामऊ कला, बख्शी का तालाब, महाविद्यालय में बी0एड0 पाठ्यक्रम को सत्र 2014–15 से अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 02(ज):** कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत रामदुलारी आलोक कुमार महिला डिग्री कॉलेज, रामनगर मॉल, लखनऊ में बी0ए0 पाठ्यक्रम को सत्र 2014–15 से अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 02(झ):** कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत वासुदेव डिग्री कॉलेज, अमराई गांव, इन्दिरा नगर, लखनऊ में बी0ए0 पाठ्यक्रम को सत्र 2014–15 से अस्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 03:** कार्य परिषद द्वारा परीक्षा फल सूचना संख्या रिसर्च/03/2014 दिनाँक 05.04.2014 के अनुसार पीएच0डी0 की उपाधि प्रदान किये जाने पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 04:** परिषद द्वारा प्राचार्य नेशनल पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र संख्या 19/ऑटो/2014–15 दिनाँक 24.04.2014 के आधार पर निम्न बिन्दुओं पर विचार कर समस्त माननीय सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया :–

1. नेशनल डिग्री कॉलेज के स्थान पर नेशनल पी0जी0 कॉलेज के नाम का अनुमोदन किया गया।
2. कॉलेज के status में परिवर्तन कर Autonomous status 2009-10 to 2014-15 पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 05:** परिषद द्वारा (Mrs.) Ishrat Z Husain, Senior Technical Advisor, Washington DC द्वारा एम0ए0 अर्थशास्त्र में प्रो0 बलजीत सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल दिये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 06:** परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 142/सत्तर–2–2014–16(505)/2011 दिनाँक 03.03.2014 द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम को आगामी सत्र 2014–15 के संचालनार्थ सहयुक्तता सम्बन्धी प्रकरणों पर निस्तारण की अन्तिम तिथि 10.05.2014 पर विचार कर सहमति प्रदान की गयी।

**मद संख्या 07:** परिषद द्वारा निम्नलिखित विभागों में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन/परीक्षण समितियों की संस्तुतियों पर विचार किया गया एवं निम्नवत् निर्णय लिया गया:–

1. **आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग (कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत)**

परिषद द्वारा उपर्युक्त प्रोन्नति हेतु सम्पन्न चयन समिति की बैठक सितम्बर 09, 2013 की संस्तुतियों को यथावत् स्वीकार किया गया तथा डॉ0 विनोद सिंह, आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग के रूप में कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत प्रोन्नति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

2. **आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग (कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत)**

परिषद द्वारा उपर्युक्त प्रोन्नति हेतु सम्पन्न चयन समिति की बैठक सितम्बर 09, 2013 की संस्तुतियों को यथावत् स्वीकार किया गया तथा डॉ0 मनोज कुमार अग्रवाल, आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग के रूप में कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत प्रोन्नति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।



Scanned by CamScanner

3. **आचार्य, पाश्चात्य इतिहास विभाग (कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत)**

परिषद द्वारा उपर्युक्त प्रोन्नति हेतु सम्पन्न चयन समिति की बैठक सितम्बर 11, 2013 की संस्तुतियों को यथावत् स्वीकार किया गया तथा डॉ0 आभा त्रिवेदी, आचार्य, पाश्चात्य इतिहास विभाग के रूप में कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत प्रोन्नति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

4. **आचार्य, पाश्चात्य इतिहास विभाग (कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत)**

परिषद द्वारा उपर्युक्त प्रोन्नति हेतु सम्पन्न चयन समिति की बैठक सितम्बर 11, 2013 की संस्तुतियों को यथावत् स्वीकार किया गया तथा डॉ0 मधू राजपूत, आचार्य, पाश्चात्य इतिहास विभाग_के रूप में कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत प्रोन्नति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

5. **उपाचार्य, अर्थशास्त्र विभाग (कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत)**

परिषद द्वारा उपर्युक्त प्रोन्नति हेतु सम्पन्न चयन समिति की बैठक सितम्बर 09, 2013 की संस्तुतियों के अनुरूप डॉ0 शशि लता सिंह, उपाचार्य के पद पर प्रोन्नति प्रदान किये जाने हेतु रिसर्च पब्लिकेशन व उपाचार्य पद के अयोग्य होने के आधार पर प्रोन्नति हेतु उपयुक्त नहीं पाया गया।

6. **उपाचार्य, अर्थशास्त्र विभाग (कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत)**

परिषद द्वारा उपर्युक्त प्रोन्नति हेतु सम्पन्न चयन समिति की बैठक सितम्बर 09, 2013 की संस्तुतियों के अनुरूप डॉ0 अल्पना लाल, उपाचार्य के पद पर प्रोन्नति प्रदान किये जाने हेतु रिसर्च पब्लिकेशन के आधार पर योग्य नहीं पायी गयीं।

7. **प्रवक्ता (सीनियर स्केल) अर्थशास्त्र विभाग – (कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत)**

परिषद द्वारा उपर्युक्त प्रोन्नति हेतु सम्पन्न चयन समिति की बैठक सितम्बर 09, 2013 की संस्तुतियों को यथावत् स्वीकार किया गया तथा डॉ0 अशोक कुमार कैथ्यल, प्रवक्ता, अर्थशास्त्र विभाग को सीनियर स्केल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

8. **प्रवक्ता (सीनियर स्केल) पाश्चात्य इतिहास विभाग – (कैरियर एडवान्समेन्ट योजनान्तर्गत)**

परिषद द्वारा उपर्युक्त प्रोन्नति हेतु सम्पन्न चयन समिति की बैठक सितम्बर 11, 2013 की संस्तुतियों को यथावत् स्वीकार किया गया तथा डॉ0 अमिता सोनकर, प्रवक्ता, पाश्चात्य इतिहास विभाग को सीनियर स्केल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

**मद संख्या 08:** कार्य परिषद द्वारा प्रवेश समन्वय समिति की बैठक दिनाँक 01.05.014 में लिये गये निर्णय के क्रम में कला संकाय के संकाय परिषद की बैठक दिनाँक 05.05.2014 एवं 26.04.2014 की संस्तुतियों पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

**मद संख्या 09(क):** कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत जी0सी0आर0जी0 इन्सटीट्यूट ऑफ टीचर्स एजूकेशन, बक्शी का तालाब, लखनऊ को बी0एड0 पाठ्यक्रम में महाविद्यालय के अग्निशमन प्रमाण पत्र की कार्यालय द्वारा जांचोपरान्त उपयुक्त पाये जाने पर सत्र 2014–15 के लिये अस्थायी सहयुक्तता हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 09(ख):** कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कॉलेज ऑफ इनोवेटिव मैनेजमेन्ट एण्ड साइंस, गोमतीनगर, लखनऊ में बी0एड0 पाठ्यक्रम को सत्र 2014–15 के लिये पूर्व प्रदत्त अस्थायी सहयुक्तता को विस्तारण किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 09(ग):** कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत डॉ0 एम0सी0 सक्सेना कॉलेज ऑफ एजूकेशन, लखनऊ में बी0एड0 पाठ्यक्रम की स्थायी सहयुक्तता हेतु प्राप्त निरीक्षण आख्या में पायी गयी कमियों के परिप्रेक्ष्य में बी0एड0 पाठ्यक्रम में सत्र 2014–15 के लिये पूर्व प्रदत्त अस्थायी सहयुक्तता को विस्तारण किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 09(घ):** कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत रामेश्वरम इन्सटीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग, सीतापुर रोड, लखनऊ में पूर्व संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम की स्थायी सहयुक्तता हेतु प्राप्त निरीक्षण आख्या के परिप्रेक्ष्य में सत्र 2014–15 से स्थायी सहयुक्तता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।



Scanned by CamScanner

**मद संख्या 10:** महामहिम कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी (विधि) के पत्र संख्या – ई0 3702/5 जी0एस0/2010 XXV दिनाँक 28.04.2014 द्वारा शासनादेश संख्या 91/70–ए–2002–15(14)92 टी0सी0 दिनाँक 06.01.2003 के अनुक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली में परिनियम 11.01(सी) जोड़े जाने पर उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 50(04) के अन्तर्गत भेजे गये प्रस्ताव को निष्प्रयोज्य किये जाने के प्रस्ताव से परिषद अवगत हुई।

**मद संख्या 11:** महामहिम कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी (विधि) के पत्र संख्या – ई0 3703/5 जी0एस0/2013 II दिनाँक 28.04.2014 द्वारा शासनादेश संख्या 253/70–1–2012–16(1)2012 दिनाँक 20.07.2012 के अनुरूप विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध/सहयुक्त महाविद्यालयों के शिक्षणेत्तर (समूह–ग एवं समूह–घ) कर्मचारियों की अर्हता एवं सेवा शर्तों की व्यवस्था को लखनऊ की प्रथम परिनियमावली के परिनियम 24.01 एवं 25.06(ख) के क्लॉज़ 03 में संशोधन के प्रस्ताव को महामहिम कुलाधिपति महोदय द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 50(04) के अन्तर्गत सहर्ष स्वीकृति प्रदान किये जाने के प्रस्ताव से परिषद अवगत हुई।

## कार्य सूची के इतर मद का कार्यवृत्त

**मद संख्या 01:** वित्त समिति की बैठक दिनाँक 07.05.2014 के कार्यवृत्त का अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया गया कि छात्रों के फीस के सम्बन्ध में हुई टंकण त्रुटी को संशोधित कर आगामी कार्य परिषद की बैठक के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

**मद संख्या 02:** कार्य परिषद की बैठक दिनाँक 10.04.2014 एवं 25.04.2014 में लिये गये निर्णयों के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही से परिषद को अवगत हुई।

**मद संख्या 03:** परिषद द्वारा प्रो0 बलजीत सिंह गोल्ड मेडल/इन्डोमेन्ट फन्ड स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में श्री इशरत जेड0 हुसैन के पत्र दिनाँक 02.05.2014 पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 04:** कार्य परिषद द्वारा परीक्षा फल सूचना संख्या रिसर्च/04/2014 दिनाँक 05.05.2014 के अनुसार पीएच0डी0 की उपाधि प्रदान किये जाने पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी।

Sd/-

(डॉ0 एस0बी0 निमसे)
कुलपति
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ

(कै0 अमिताभ प्रकाश)
कुलसचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ



Scanned by CamScanner